# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नौएडा
## गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश)

---

जी.बी.यू.-002/प्रशा0/नि.का./009/2025-699 दिनाँकः-08 जुलाई, 2025

## ::सूचना::

अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन नागरिक उड्डयन अनुभाग, लखनऊ के पत्रांक -803/छप्पन-2025-46/2002, दिनांक 03 जुलाई, 2025 के कम में विश्वविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि जनपद-लखीमपुर-खीरी स्थित पलिया हवाई पट्टी के विस्तारीकरण हेतु राजस्व ग्राम गजरौरा की 41.5028 है0, फुलवरिया की 2.1405 है0 व ग्राम मुजहा की 1.2850 है सहित **कुल 44.9283 है0** अवशेष भूमि एवं शासकीय भूमि पर अवस्थित 29 घरों का अर्जन/अधिग्रहण किये जाने हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण (Social Impact Assessment) अध्ययन कार्य कराया जाना है।

अतः उक्तांकित परियोजना के सामाजिक समाघात निर्धारण (Social Impact Assessment) अध्ययन करने हेतु इच्छुक संकाय सदस्यों से अनुरोध है कि अपनी सहमति/नाम पत्र जारी होने की तिथि से 03 कार्य दिवसों के अन्दर कुलसचिव कार्यालय की इमेल **(director.works@gbu.ac.in)** पर देने का कष्ट करें। (मा0 प्रबन्ध बोर्ड की 38वीं बैठक के कार्यालय आदेश की छायाप्रति तथा अहर्ताऐं इस पत्र के साथ संलग्न है)।

**(डॉ0 विवेक कुमार मिश्र)**
नोडल अधिकारी, एस0आई0ए0

प्रतिलिपिः
1. मा0 कुलपति महोदय के स्टाफ को महोदय के संज्ञान में लाने हेतु।
2. कुलसचिव को सूचनार्थ।
3. डॉ संदीप सिंह राणा, सिस्टम मैनेजर, सैन्ट्रल कम्प्यूटर सेंटर को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर सूचना अपलोड किये जाने हेतु।
4. समस्त स्कूलों के अधिष्टातागण/विभागाध्यक्ष/को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

नोडल अधिकारी, एस0आई0ए0
8/7/2025